DADHEECH INTERNATIONAL TRADE FOUNDATION INITIATIVE

वर्ष-1 , अंक-7 , जुलाई-2021

# IMPRINT

**Amalgamation Of Learning**

**Get The Latest Scoop On This Month's Trends**

## DITF BULLETIN

OUR MOTTO

*Sharing is Caring*

DADHEECH INTERNATIONAL TRADE FOUNDATION

*Empowering ideas*

DITF



kaleidoscope of thoughts and vision

JULY EDITION

संपादक

**डॉ. तरुणा दाधीच**

फाउंडर प्रेसिडेंट

**देवेश दाधीच**

प्रकाशक

**शोभा दाधीच**

E-mail- dadheech@ditfindia.org

## सम्पादकीय आलेख

# सदैव पुरतो निधेहि चरणम्..

'सदैव आगे कदम बढ़ाओ' डीआईटीएफ ने इस ध्येय वाक्य का अनुसरण करते हुए अपने कदमों को विस्तार दिया है। नए-नए आयामों में विस्तार दाधीच बंधुओं को नई दिशा प्रदान कर रहा है। आप सभी द्वारा प्रदत्त अद्वितीय सहयोग से जुलाई माह में डीआईटीएफ अपना 1 वर्ष पूर्ण करेगा। जहां डीआईटीएफ युवाओं में उद्यम विकास, कौशल विकास, वरिष्ठ अनुभवी उद्यमियों के अनुभव साझा करने जैसे उद्देश्य को अपने केंद्र में रखकर आरंभ हुआ था वह आज विविध आयामों को स्पर्श कर चुका है। विगत एक वर्ष में डीआईटीएफ ने समयानुकूल अनेक उत्कृष्ट गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन किया है।जयपुर में दिग्गजों का सम्मेलन, विभिन्न प्रकरणों पर लगभग 31 वेबीनार ,डीआईटीएफ की वुमनविंग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उत्साह पूर्ण आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लब्ध प्रतिष्ठित लोगों ने अपना बहुमूल्य समय प्रदान किया और विचारों से लाभान्वित किया।



डॉ.तरुणा दाधीच
मुख्य संपादक

संस्थापक महोदय द्वारा उत्साहवर्धन और प्रत्येक वेबिनार में उनकी उपस्थिति युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है ,उनका यह सद्प्रयास आप सभी के सहयोग से क्रियान्वित हो रहा है। आज यह मंच ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां युवा अपने सपनों को साकार करने की दिशा प्राप्त कर रहे हैं। मेरे युवा साथी सीए अजय दायमा और सीए हर्षित दाधीच ने डीआईटीएफ की प्रथम शाखा चित्तौड़ (राजस्थान) में शुभारंभ की है जोकि डीआईटीएफ की यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी।





26 जून 2021 को आयोजित नासा के अपोलो अचीवमेंट अवार्ड प्राप्तकर्ता,परमाणु भौतिक विज्ञानी डॉ.रवि शर्मा के साथ एक टॉक सीरीज का आगाज़ हुआ। समूचा दाधीच परिवार आपकी प्रतिभा से परिचित हुआ।

श्रृंखला की इसी कड़ी में डीआईटीएफ, प्रसिद्ध सर्जन और आरोग्य हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.सुभाष चन्द्र दाधीच के नेतृत्व में दाधीच इन्टरनेशनल हेल्थकेयर फाउंडेशन प्रोजेक्ट प्रारंभ करने जा रहा है, और अत्यंत हर्ष का विषय है कि भारत सरकार ने इस प्रोजेक्ट के नाम को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है । आप सभी द्वारा प्रदान किए गए सहयोग और शुभकामनाओं हेतु हार्दिक धन्यवाद आगे भी अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करते रहें।



डॉ. सुभाष चन्द्र दाधीच

*शुभम् भवतु।।*

**संपादक की कलम से......**



# साधुवाद साथियों......

नमस्कार ! प्रिय साथियों

दाधीच परिवार सदस्यों,

**सीए देवेश दाधीच**
*संस्थापक अध्यक्ष डीआईटीएफ*

विगत एक वर्ष में आप युवा और ऊर्जावान मित्रों ने कंधे से कंधा मिलाकर डीआईटीएफ परिवार को अविचल मजबूती प्रदान की है आप सभी को हार्दिक धन्यवाद।
यह महामारी जीवन के नए तरीके लेकर आई है। एक मिशन जिसे ज्ञान साझा करने और कौशल विकास के लिए हमारे लोगों से जुड़ने के एकल लक्ष्य के साथ एकमात्र यात्रा के रूप में शुरू किया गया था, वास्तव में हमारे समुदाय के सर्वश्रेष्ठ लोगों को सामने लाया है। जिन लोगों ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, लेकिन शायद ही कभी उन्हें पहचाना गया, वे इस मुकाम पर पहुंचे हैं और इस मंच से हमारे कई लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रहे हैं।
मेरा हमेशा से मानना था कि आप में से हर एक अकेले ही हमारे समाज में बदलाव लाने में सक्षम है।
प्रिय साथियों, प्रत्येक व्यक्तित्व में दो शक्तिया विद्यमान हैं:
The Love of Power और
The Power of Love
दोनों में अंतर्निहित प्रेरणा अलग-अलग है, पहला स्वयं के बारे में है और दूसरा दूसरों के बारे में है।
हमारे डीआईटीएफ की आत्मा वास्तव में गीता के अध्याय 2.50 श्लोक में परिलक्षित होती है। आइए चेतन मन से काम करें और बिना किसी आसक्ति के हम अपनी कर्मठता से परिणाम पर पहुंचे।

डीआईटीएफ की प्रथम वर्षगाँठ पर आप सभी को मेरी शुभकामनाएं मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य, शांति और आनंद के लिए प्रार्थना करता हूं।
आप सभी को प्यार।।

# Unique Experience

- Harish Chandra Dadeech
(Retired Wing Commander)

To start with let me introduce. I am Wing Commander (retired) Harish Chandra Dadeech, I wish to share with you, my unique experience of 1971 Indo/ Pak war .But before that let me give a brief account of my background. I was born and brought up at Udaipur and completed my studies in Rajasthan at that time (Rajputana). Many of my friends and relatives including my sons ask me as to how the letter "h" is missing from my sir name. There is a lovely story behind this which I shall share at some other time.. . My father came from Kankroli village and joined Mewar Army as a soldier. He took part in 2nd world war. My mother expired when I was in class 6th and father expired when I was in class 12th. After passing class 12th I got admission in Birla College Of Engineering, Pilani. The course was reduced by 6 months due to 1962 war with China. I passed out in Dec 1963 and joined as part time lecturer at Vidhya Bhavan Polytechnic Udaipur , even before the exam result was out.

It was just destiny which made me join IAF. One day I saw the advertisement in the paper inviting application for joining IAF as commissioned Officer from Engineering graduates. The most attractive part was return 2nd class free warrant to applicants who will be called for SSB ( Service selection Board) at Deharadun. This was too attractive for me, as I had never travelled in 2nd class. I had no idea about IAF and also made no preparations. I was called by SSB, got selected, came first in the merit list of my course, and rest is history. I however represented my school and college in inter school/ college tournaments in Hockey and football. After joining IAF I also represented IAF in inter service tournaments for hockey and football. In 1971 I was posted at Jodhpur and used to played hockey with the then station commander of Jodhpur thus he knew me very well.

At the time of 1971, Indo/Pak war, I was posted at Air Force Station Jodhpur as a junior officer with less than 5 years of experience. One fine day my station commander called and informed me that he is sending me and one of my junior colleagues ( V.K.Agarwal) for a special assignment . This is because I had done a special training course on the equipment which we were required to install. Next day he called me and briefed me about the assignment. I was tasked to install an equipment which will guide our fighter aircraft to

their destination to carry out some intelligence activities and drop bombs at some important targets in Pakistan. My team consisted of Self, one officer junior Agarwal , one JCO and 4 Jawans. Since it was a very secret mission, we were to travel , in civilians cloths, in civilian Truck without lights and during night times . We had to travel in Desert beyond Jaisalmer about 130 KM and install the equipment on a specific date at a police post in Pakistan.. I was informed that Indian Army would have taken control of the police post before our arrival there. I was asked to meet Jodhpur Collectors who gave me the latest road map of the area , briefed about the topography of the region and about native residents of that area, and a police constable who was posted and familiar with that area was also made member of my team. I was told to be very careful as the area was mostly habitated by Muslims and their loyalty was suspect. Next morning we started our journey , up to Jaisalmer we could travel during day time. Next evening we started our journey at about 5 pm. We must have travelled for about 3/4 hour or so and got a first shock, when I saw headless body lying on the side of the road. I got down and recognized from the uniform that it was the body of an Indian Major. Till that day, I had never seen a headless body of dead man. We were travelling based on the latest road map given by the Jodhpur collector. About 11 PM ( 2300 hrs) our truck got struck up and stopped moving. We got down and noticed that there was no road at all, whereas the road map given to us showed the road. Subsequently we came to know that the map showed a number of newly constructed roads ,which actually were never constructed and money was pocketed by the contractors and other PWD officers. We unsuccessfully tried to push the truck . We did not know what to do. While watching from our night binocular we saw a tree and started walking towards the tree, and we heard barking of a dog and suddenly some villagers came out with swords in their hand thinking that Pakistanis have come to attack them. This is when our police constable came to our rescue. The villagers recognized the constable, because he was from that area. We were able to move our truck with their help. In this process we lost some time and moved fast. At about 3.30 in the night we crossed the Indian boarder and entered Pakistani border, we faced no problem, as it was an open border with no fencing..

We travelled about 10/15 kM and saw the light at the Police station. We entered the boundary of police station thinking that it has been taken over by Indian Army. Our JCO recognized by the uniform of the police chowki Jawan that he was from Pakistani Police. Before the Pakistani police Jawan could take any action ,my JCO thrust the bayonet of the 303 rifle in the stomach of this Pakistani police Jawan and lifted his body in the air. This was a scene I can't forget. All part of the stomach, liver, and the heart came out with blood all around. After seeing this horrible scene, all occupants including SHO of the police station (total 14 in number) got scared, and before they could take any action ,we locked them all in a single room. and started our installation work. We got great relief when in about half an hour the Indian Army Jawans arrived. I brought one mini Kuran book in golden print from Pakistani police post as souvenir with me.

As a reward I was given choice to select 10 acre of agriculture land in either Kanpur Village near Udaipur or in village Haryana. I along with one of my friends went to see the land, but was discouraged by the villagers saying that as it would not be present near the land it will be grabbed and would be illegally occupied by village goons. I did not take the land.

I am extremely happy to share this experience with you all. Whenever any opportunity arrives I shall be very happy to share experience of my 28 years of active IAF life.





Riddle No 1 answer - Dice

# Multi Tasking is the Worst Thing!?





**-Niharika dadhich**
( CEO at NS Web Labs

As I received a motivational quote this morning which goes like, "Camera and Life are nothing without focus" It made me think being in the fastest moving generation one thing that we have given step motherly treatment to is "FOCUS".When today Multitasking is believed be to be a norm, according to a poll that I conducted on my LinkedIn more than 65% people found Multitasking works for them the best. But the reality is farfetched. With so many options to be distracted within a millisecond, the zillions of app notifications, vibrations, messages and 90% of them are just of no use to us, mostly. Yet it distracts us from the things we are doing, as for an example while writing this above line my phone vibrated twice, once because I got a promotional bulk sms and secondly when the largest retailer is having some sale. The point of telling you all this is because it's not just me who is going through these distractions every day. Using our mobile with everything either we eat, try to sleep or even try to think has kind of become a necessity. Also, It's not just our Mobile phones, television, shifting from one tab to another while working on your laptop is one of the ways we unknowingly multi task.

Multi-tasker is a term which is usually used to define how amazing that particular person is who can walk the talk all at the same time. But never did we know, that Multi tasking is not any sort of achievement, it is actually a shortcoming which is said to reduce our efficiency by 40%. Our IQ and Emotional Quotient which is very crucial while we are doing any thinking related work, like writing or any of work related tasks is the most important aspect to achieve the expected results. With Multi tasking these quotients are believed to go as low as by 15 points which can make our thinking mere as an 8 years old kid.

I know that sounds boring but try imagining yourself taking decisions about your life and career with our 8 year though process. Bizarre, right!!!

Multitasking might seem effortless to us as we are so habitual to being distracted that If we don't have those distractions we feel lost.

But Every time you switch between that messaging of yours and watching television and eating food, you are causing your brain a irreparable damage yes and it's proven. Because seldom we know the transition occurring, but every time you switch tasks your brain take few milliseconds to:

1- 1. Find the new subject.
2- 2. Focus on that topic overriding the existing tasks.

Though, if you do these switches only few times a day that does not create any impact. But every time you do something and habitually having these hundreds of apps in our 128 GB or 256 GB storage devices you keep switching between things and you lose an ample amount of those milliseconds and researchers have found it could be as high as 25 minutes per day.

These are the facts which we tend to ignore because we are so addicted to our devices and changing ideas because that's what is said to normal in these times. You read those Instagram posts which say 'If you don't hustle you lose' and the motivation in you wants to do everything just within that limited time.

By any means I am not saying Hustling is not good but as I began this article with the quote that In life focus is the priority, If we cannot focus on things that are needed for our careers or personal growth, hustling won't help.

Stop getting driven by words like Now or never, all you can do now is start the things one by one and once the first is completed move to next. Success never comes overnight and we need to remember this by heart and remind ourselves everyday. You cannot give 12th Board exams if you haven't started from Kindergarten.

Few things cannot be done in single time frame and we must accept this fact.

Even scientifically, it is said our mind cannot focus on more than 1 thing at a time, no matter how superhuman you are. Our Mind always keep 1 task in priority and if you try to do multiple things at the same you might end up doing that but your efficiency has certainly decreased because now that attention is divided between 2 or more tasks.

After Talking So much about what cannot be done you must be wondering what can be done. At some situations, where among your multiple tasks such as listening music while working out boosts our efficiency because our priority here is not focusing on the music and just working out, in such situations where few things are done unconsciously, multitasking is said to be good.

So, now how can we achieve our all sorts of important tasks in the day??Follow The Twenty Seven Magic Minutes!!

The Twenty Seven Magic Minutes is nothing but to divide our day in 27 minutes task frames. I have read it somewhere that our mind works to its full potential for 27 minutes and beyond that it starts getting tired and fatigued. So, divide the task in 27 minute frame and do one task in that 27 minutes, without checking the emails, whatsapp, without answering phone calls and see how your output will boost. And after the 27 minutes are done, take a break of 10 minutes and switch to the next task for next 27 minutes and keep following it till the time you are done working.Try this for few days and see how your output doubles, Initially it will be difficult to focus, you will get the urge to check your whatsapp messages, you will feel that you might be missing something urgent but trust me, 27 minutes are not a big time frame and there won't be anything that cannot wait for 27 minutes unless it is a life or death situation. You are stronger than that and once you decide to do it nothing is impossible except Multitasking!! And finally my Twenty Seven Magic Minutes are over and so is this article, let's see you after the lunch.

Keep Hustling one by one!

# विद्वान और विद्यावान में अन्तर



- श्री मधु सूदन दाधीच, जयपुर
( आप इक्विटी फाइनेंस, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, नॉन कन्वर्सेशनल एनर्जी, हाई-टेक एग्रीकल्चर, डिजिटल मीडिया, टेक्निकल एजुकेशन एंड स्किल डेवलपमेंट जैसे विभिन्न क्षेत्रों में जाने-माने पेशेवर और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार हैं। )

## What is the difference between higly qualified & well qualified person ?

विद्वान व विद्यावान में अंतर समझना हो तो हनुमान जी व रावण के चरित्र के अंतर को समझना पड़ेगा | आइए शुरू करते हैं श्री हनुमान चालीसा से | तुलसी दास जी ने हनुमान को विद्यावान कहा , विद्वान नहीं |

विद्यावान गुनी अति चातुर।
राम काज करिबे को आतुर॥

अब प्रश्न उठता है कि क्या हनुमान जी विद्वान नहीं थे ? जब वे विद्वान नहीं थे तो वे विद्यावान कैसे हुए ?? दोस्तों , विद्वान और विद्यावान में वही अंतर है जो हाइली क्वालिफाइड ( उच्च शिक्षित ) और वेल क्वालिफाइड ( सुशिक्षित ) लोगों में है | इन दोनों में बहुत ही बारीक लेकिन महत्वपूर्ण अन्तर है। उदाहरणार्थ रावण विद्वान है और हनुमानजी विद्यावान हैं।

रावण के बारे में कहा जाता है कि उसके दस सिर थे । दरअसल यह एक प्रतीतात्मक वर्णन है | चार वेद और छहः शास्त्र दोनों मिलाकर दस होते हैं। इन्हीं को दस सिर कहा गया है | जिसके सिर में ये दसों भरे हों , वही दसशीश हैं। रावण वास्तव में विद्वान है लेकिन विडम्बना देखिए कि उसने सीता जी का हरण कर लाया ।

विद्वान अक्सर अपनी विद्वता के कारण दूसरों को शान्ति से नहीं रहने देते | उनका अभिमान दूसरों की सीता रूपी शान्ति का हरण कर लेता है। जबकि हनुमान जी उन्हीं खोई हुई सीता रुपी शान्ति को वापस भगवान से मिला देते हैं।

हनुमान जी ने कहा -
“विनती करउँ जोरि कर रावन।
सुनहु मान तजि मोर सिखावन॥“

हनुमान जी ने हाथ जोड़कर कहा कि मैं विनती करता हूँ तो प्रश्न उठता है कि क्या हनुमान जी में बल नहीं है ? नहीं ! ऐसी बात नहीं है। विनती दोनों करते हैं - जो "भय" से भरा हो या जो "भाव" से भरा हो।

रावण ने कहा , "तुम हो क्या ! यहाँ देखो , कितने लोग हाथ जोड़कर मेरे सामने खड़े हैं ? "

“कर जोरे सुर दिसिप विनीता।
भृकुटी विलोकत सकल सभीता॥“

यही अंतर है विद्वान और विद्यावान में ।

हनुमान जी गये थे रावण को समझाने। यहाँ विद्वान और विद्यावान का मिलन है।

रावण के दरबार में देवता और दिग्पाल भय से हाथ जोड़े खड़े हैं और भृकुटी की ओर देख रहे हैं परन्तु हनुमान जी भय से हाथ जोड़कर नहीं खड़े हैं।

रावण ने कहा भी -

“कीधौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही|
देखउँ अति असंक सठ तोही॥“

"तूने मेरे बारे में सुना नहीं है ? तू बहुत निडर दिखता है !”

हनुमान जी बोले - आवश्यक नहीं कि तुम्हारे सामने जो आये , डरता हुआ ही आये !”

रावण बोला – “ देख ! यहाँ जितने देवता और अन्य खड़े हैं , वे सब डरकर ही खड़े हैं।”

हनुमान जी बोले - “ उनके डर का कारण है कि वे "तुम्हारी" भृकुटी की ओर देख रहे हैं।”

भृकुटी विलोकत सकल सभीता...

परन्तु मैं भगवान राम की भृकुटी की ओर देखता हूँ। उनकी भृकुटी कैसी है? जानना है ? तो सुनो....

“भृकुटी विलास सृष्टि लय होई|
सपनेहु संकट परै कि सोई॥“

( जिनकी भृकुटी टेढ़ी हो जाये तो प्रलय हो जाये और उनकी ओर देखने वाले पर स्वप्न में भी संकट नहीं आये। मैं उन श्रीराम जी की भृकुटी की ओर देखता हूँ ।)

रावण बोला - " यह विचित्र बात है। जब राम जी की भृकुटी की ओर देखते हो तो हाथ हमारे आगे क्यों जोड़ रहे हो ? " तुमने ही कहा था न कि

"विनती करउँ जोरि कर रावन।"

हनुमान जी बोले –"यह तुम्हारा भ्रम है। हाथ मैं तुम्हें नहीं उन्हीं श्री राम जी को जोड़ रहा हूँ।"

रावण बोला - " वह यहाँ कहाँ हैं ? "

हनुमान जी ने कहा कि " यही तो समझाने आया हूँ।" मेरे प्रभु श्री राम जी ने कहा था -

"सो अनन्य जाकें असि , मति न टरइ हनुमन्त।
मैं सेवक सचराचर , रूप स्वामी भगवन्त॥"

" भगवान ने कहा है कि सबमें मुझको देखना। इसीलिये मैं तुम्हें नहीं , बल्कि तुझ में भी भगवान को ही देख रहा हूँ।"

रावण ने पूछा कि तब तुमने ये क्यों कहा ....तुमने मुझे प्रभु व स्वामी क्यों कहा ....

"खायउँ फल प्रभु लागी भूखा।
सबके देह परम प्रिय स्वामी॥"

यहाँ हनुमान जी रावण को प्रभु और स्वामी कहते हैं ! जबकि रावण हनुमानजी को खल और अधम कहकर सम्बोधित करता है।

"मृत्यु निकट आई खल तोही।
लागेसि अधम सिखावन मोही॥"

विद्यावान का लक्षण यही है। अपने को गाली देने वाले में भी जिसे भगवान दिखाई दे , वही विद्यावान है।

विद्यावान के लक्षण बताते हुए ही कहा गया है -

'विद्या ददाति विनयं।
विनयाति याति पात्रताम्' .....

शिक्षा प्राप्त करके जो विनम्र हो जाये , वह विद्यावान है पर जो पढ़ लिखकर अपनी विद्वता के घमंड में अकड़ जाये , वह विद्वान तो हो सकता है लेकिन विद्यावान नहीं।

तुलसी दास जी कहते हैं:-

"बरसहिं जलद भूमि नियराये।
जथा नवहिं वुध विद्या पाये॥"

( जैसे बादल जल से भरने पर नीचे आ जाते हैं , वैसे ही विचारवान व्यक्ति विद्या पाकर विनम्र हो जाते हैं।)

इसी प्रकार हनुमान जी हैं "विनम्र" और रावण है - "विद्वान"।

विद्वान कौन के उत्तर में कहा गया है कि जिसकी मानसिक क्षमता तो खूब हो परन्तु वैचारिक स्तर निम्न हो , साथ ही हृदय में अभिमान भी मल की भाँति भरा हुआ हो .....

अब प्रश्न है कि विद्यावान कौन ?

उत्तर है कि जिसके हृदय में भगवान हो और जो दूसरों के हृदय में भी भगवान को बिठाने की बात करे , जो किसी को भी कभी अपने से कमतर नहीं आंके, वही सच्चे अर्थों में विद्यावान है।

हनुमान जी ने कहा– " रावण ! तुम विद्वान तो हो पर तुम्हारा हृदय ठीक नहीं है। अगर तुम अपने हृदय को ठीक करना चाहते हो तो मेरी सलाह मानो...

"राम चरन पंकज उर धरहू।
लंका अचल राज तुम करहू॥"
(अपने हृदय में राम जी को बिठा लो और फिर आनंदपूर्वक लंका में राज करो।)
यहाँ हनुमान जी रावण के हृदय में भगवान को बिठाने की बात करते हैं , इसलिये वे विद्यावान हैं |
मनुष्य को केवल विद्वान नहीं बल्कि सदैव विद्यावान बनने का प्रयत्न करना चाहिए। इसी तरह उंची - उंची डिग्रियां प्राप्त कर कोई विद्वान तो बन सकता है पर विद्यावान नहीं बन सकता | उंची - उंची डिग्रियाँ प्राप्त कर आप हाइली क्वालीफाइड तो कहला सकते हैं पर वेल क्वालीफाइड नहीं |
पुस्तकों से जो कुछ आप प्राप्त करते हैं वह केवल इनफॉरमेशन यानि सूचनाएं भर हैं | जब आप इन सूचनाओं को अपने आचरण में उतारते हैं , पढी हुई बातों के अनुसार जीवन जीने की कोशिश करते हैं तभी वह नॉलेज यानी ज्ञान है |
किसी ने सच ही कहा है कि डिग्रियाँ तो केवल कागज का टुकडा भर है जो नकली भी हो सकती हैं | योग्यता तो वह है जो आपके आचरण में , आपके व्यवहार में झलकती है | इतना ही नहीं आपने सुना होगा कि knowledge is power. आपने गलत और अधूरा सुना है | 'knowledge is not a power. applied knowledge is power'.यानि ज्ञान को जब आचरण व व्यवहार में उतारा जाता है तभी वह पावर बनता है , आपकी शक्ति बनती है ।

अगर आप वाकई क्वालिफाइड हैं तो आपको कभी किसी को बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी कि आप कितने क्वालीफाइड हैं | आपका क्वालीफिकेशन आपके व्यवहार व आचरण में झलक जाता है | अतः आप चाहे हाइली क्वालीफाइड बनिए या न बनिए पर वेल क्वालीफाइड बनने की कोशिश जरूर कीजिए |

**Riddle No 2 answer - Darkness**



# RIDING BICYCLE IN Fresh Cool Air

( Educationist and English verse compose, Hindi and Rajasthani . Work in DAV. Rupansh Kunj Ajmer.)



Riding bicycle is an enthusiastic experience during the evening or morning time.

Company of friends circle gives it more pleasure as singing rhyme.

The world is changeable at each moment but blowing wind always welcomes during riding.

Birds and butterflies excite us to follow them having zeal and zest without grumbling.

Cycling is a mesmarizing exercise to keep fit yourself with puffing breath.

Rising sun at the peak of the hill top side looks as signnal to start our life's engine in fresh cool breeze.

Love your work and passion,motivate yourself always among the objects of nature which moves energetic in full length increase.By.Mr.U.



# "अब मैं अबला नही हूँ"

-डॉ.प्रतिभा तिवारी
(प्रिंसिपल- बीएमटीटी कॉलेज, बस्सी,चित्तौड़गढ़)

"अब अबला नही हूँ मैं
ये मान लेना तुम,
ली कसम है मैंने कि
अब लड़ूँगी मैं
ये मान लेना तुम।
हर लड़ाई से,
हर शोषण से
ना हार मानूँगी मैं,
अब ना झुकूँगी,
ना पीछे हटूंगी
अब अबला नही हूँ मैं,
देख लिया है बहुत मैंने
साध्वी, सती, स्त्री बनकर
आ तुझे दिखला दूँ अब,
रणचंडी, काली और लक्ष्मीबाई बनकर।
क्या लड़ सकोगे तुम मुझसे
जो खुद ही खड़े
न हो सके हो तुम
एक अबला से ही तो हो।
खूब कहानियाँ सुना दी है तुमने मेरी अब तक,
कभी एक शोषित स्त्री की, कभी एक विधवा की,
कभी एक बेटी की ,
कभी एक बहू की।
किन्तु अब ना सुन और सुना सकोगे तुम
अब एक नया इतिहास रचूंगी मैं।
हाँ, अब इन शोषण की कहानियों के
मलिन चरित्रों से
खूब लड़ंगी मैं,
कभी ना डरूँगी
ना झुकूँगी,

बस अब डटूंगी मैं,
क्योंकि अब मैं अबला नही हूं।
क्या ढहा सकोगे
तुम जहाँ मेरा?
मैं फिर से खड़ा होकर दिखला दूंगी।
अपनी हिम्मत से
अपनी मेहनत से
मैं तूमको धूल चटा दूंगी।
जिन शब्दों के तीर चलाओगे तुम,
मैं उन शब्दों को तलवार बना लूँगी।
ना झुकूँगी अब,
ना हटूंगी अब
बस डटी रहूंगी अब।
क्योंकि अब अबला नही हूँ मैं,
क्योंकि अब अबला नही हूँ मैं।

# The Modern astrology

## -Aditya acharya

( a professional Software Engineer Analyst working for an MNC,He is gifted with a prominent knowledge on Vedic Astrology from forefathers)



Astrology is an occult science. By virtue of Vedic astrology, one can actually find the reason to get married with the right person who can harmonize the life of not even your own but your family as well. Well, weddings in our country are an industry. Families collect money all their lives to marry their daughter or son to the partner they deserve. But what if you could know how much your birth chart can affect your Partner's life(longevity), profession(career), wealth (financial stability) and most importantly the ability to become parents of a bright and healthy child. Love has no Kundali, undoubtedly! But In north India, Ashtkut Match making is widely in fashion, which doesn't really require any assistance of an Astro expert but it doesn't end here, the perfection comes by knowing the stars of the groom and the bride accordingly e.g. If Mars is positioned at (1st,4th,7th,8th,12th) house of the boy's chart and vice versa, it's known as Mangal Dosha (Manglik) but it doesn't cause any disturbance in the marriage life of the betrothed couple if the bride has any dominating planet positioned at (1st,4th,7th,8th,12th), it thoroughly cancels the effect of Mars. Hence, as an exception

couple lives harmonically. Similarly, there has been a prominent fear of NADI DOSHA for its infamous behavior, meaning a couple having it will no long longer be able to have a child of their own, or native will occur to have a weaker child. ROHINI, MRIGSIRA, VISHAKHA, ARDRA, PUSHYA, UTTRA BHADRAPADA, SRAVANA, REVATI; Native born in these stars will not occur to have Nadi Dosha, the ill effect is negligible or neutralized in case of charan 1 & 3, and 2 & 4. 'Pada Vedha' extends.

So never let any local myth decide thE future of a couple's happy life. Well, Acharya Astrology has all the remedies for the couples who are intending to get tied up in the holy matrimony in this or coming years but afraid of the local myths about worse effects by Nadi, Bhrakut, Gann Dosha and mangal Dosha on us. Know how compatible your partner is going to be with you and live as pair of blossoming flowers.

# प्रभाव संस्कारों का

*लादूलाल आचार्य*
*(सेवानिवृत्त प्राध्यापक, राजसमंद)*



मेरा डेढ़ - दो साल का पौत्र है , वह मौका पाते ही झाड़ू लाता है और लगाता है कभी वाइपर उठा लाता है तो कभी कंघा उठा लाता है और फर्श पर पोछा लगाने लगता है ।गाड़ी में लगाई सीट पर बैठता है तो गियर रोड को खींचने का प्रयास करता है। ऐसा इसलिए करता है क्योंकि वह ऐसा सबको करते हुए देखता है ।घर के सदस्यों के काम और क्रियाकलापों की नकल करना ही उसका खेल है। प्रश्न उठता है.... बच्चे के खेलने के खिलौने नहीं है क्या ? बच्चा खिलौनों से खेलना तभी प्रारंभ करता है जब दूसरे उनसे खेलना शुरू करें। वास्तविकता यह भी है कि खिलौने बच्चे की पसंद की नहीं है, हम अपनी पसंद के खरीदते हैं। खाने - पीने की चीजें भी अपनी पसंद की ही लाते हैं। हम उनकी पसंद पर अपनी पसंद थोपने का प्रयास करते ही रहते हैं। इस कारण भी बच्चों का व्यवहार बदला नज़र आता है। इसके बाद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है शिष्टाचार एवं नैतिकता के विकास का। अनुकरण अथवा नकल का हम सभी के जीवन में बहुत महत्व है । एक बालक अपने अंदाज में बड़ों को ही भाषा बोलता है ,अतः बच्चों को शिष्ट बनाना है तो माता-पिता को शिष्ट बनना होगा । हम जैसी भाषा बोलते हैं बच्चा भी उसी का अनुकरण करेगा, अभिवादन भी उन्हीं की तरह करेगा ।बच्चा बड़ी सूक्ष्मता से न केवल माता-पिता का निरीक्षण करता है अपितु नकल भी करता है । बच्चों को सुसंस्कृत बनाना है तो माता-पिता को सुसंस्कृत बनना होगा ।हमारी कथनी - करनी में अंतर , व्यवहार आचरण में अंतर सबसे ज्यादा बुरा प्रभाव डालते हैं। हम बात बात पर गुस्सा करते हैं, झूठ बोलते हैं तो बच्चा भी वैसा ही करेगा। हमारा दोहरा चरित्र है तो बच्चों के व्यवहार में भी यह जल्दी ही आ जाएगा। प्रायः माता-पिता या घर के अन्य सदस्यों में से कमियां स्वाभाविक है, परंतु बच्चों को कमियों से बचाने के लिए पूरा जोर लगा देते हैं । यहां स्वयं को ठीक करने के बजाय बच्चों को ठीक करने पर जोर दिया जाता है । इसके लिए समझाने से लेकर मारने - पीटने के तौर - तरीके आजमाए जाते हैं। लेकिन इसका बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। गुण हों या अवगुण ऊपर से नीचे की ओर संक्रमित होते हैं। बच्चे ही नहीं हम सब भी अपने परिवेश से ज्यादातर सीखते हैं अतः परिवेश को सुधारना अनिवार्य है। यदि हम वास्तव में चाहते हैं कि हमारे बच्चों में अच्छी आदतों एवं सही नैतिक मूल्यों का विकास हो तो उन सभी आदतों एवं नैतिक मूल्यों को स्वयं माता-पिता को अपने अंदर विकसित करना होगा दूसरा कोई उपाय या विकल्प हो ही नहीं सकता।

# "जल संचय हो ध्येय हमारा, जल संचय ही नारा"

जल की कमी से जूझ रहा है २१ वीं सदी का जग सारा,
जल संचय हो ध्येय हमारा जल संचय ही नारा।
व्यर्थ बहाओगे आज तो कल बूँद-बूँद को तरसोगे,
बादल से करोगे पुकार की अब तुम फिर कब बरसोगे।
जरूरत अनुसार उपयोग करना ही लक्ष्य हो हमारा,
जल संचय हो ध्येय हमारा जल संचय ही नारा।।
स्वच्छता और जल का एक अनूठा रिश्ता है,
तभी बचेगा कल का जल अगर आज सच्ची निष्ठा है।
संयुक्त प्रयासों से क्यों ना हो स्वच्छ संसार हमारा,
अगर जल संचय हो ध्येय हमारा
जल संचय ही नारा।।
कूडा ना फेंको इधर-उधर
जाने या अनजाने से,
दूषित होता है नदियों का जल इसके संपर्क में आने से।
कूडे का उचित निस्तारण ही एकमात्र सहारा,
जल संचय हो ध्येय हमारा जल संचय ही नारा।।
जल और स्वच्छता की अहम भूमिका कोरोना सी महामारी में,
हाथ धोने की अलख जगा दी देखो दुनिया सारी में।
भविष्य की मुश्किलें भी टलेगी जैसे कोरोना है हारा,
जल संचय हो ध्येय हमारा जल संचय ही नारा।।
अपशिष्ट जल का पुनरूपयोग ही शुद्ध जल की खपत को रोकेगा,
भूजल भी इतनी तेजी से कभी नहीं फिर सोखेगा।
भूजल का स्तर बढाने का पूरा होगा लक्ष्य हमारा,
जल संचय हो ध्येय हमारा जल संचय ही नारा।।
मॉनसून में वर्षा जल को संरक्षित हमें अब करना है,
खाली पड़े तालाब कुँओं को वर्षा जल से भरना है।
जलाभाव की इस समस्या से पाना है छुटकारा,
जल संचय हो ध्येय हमारा जल संचय ही नारा।।




**- ज्योतिप्रसाद दाधीच**

*(आप सिविल इंजीनियर के साथ वॉटर, सेनिटेशन एवं हाइज़िन एक्सपर्ट हैं। वर्तमान में आप एक ग्लोबल रिसर्च थिंक टैंक ऑरगेनाइज़ेशन,सेंटर फॉर साईंस एण्ड एनवायरमेंट नई दिल्ली मे वरिष्ठ शोधकर्ता एवं तकनीकी विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत हैं।)*




# Brain Riddles



## HOW MENTALLY SHARP YOU ARE?

Search answer in this bulletin

**Riddle No 1 :**

It has 6 black dotted faces and 21 eyes in total to see but unfortunately it cannot see anything what is it ?

**ANSWER-** __________

**Riddle No 2:-**

I come everyday in your life the more I come the less you see what am I?

**ANSWER-**__________

**सम्मानीय बन्धुओं से आग्रह है बुलेटिन के लिए अधिक से अधिक रचनाएँ प्रेषित करें।**

**यह पत्रिका निःशुल्क है, परिजनों को भी भेजें और नए पहलुओं से परिचय करवाएं।**

E-mail- dadheech@ditfindia.org

YASHRAJ CREATIONS, 98294 46940